कक्षा में कृपया समय से आयें

मेरा नाम हरिवंश राय है | मैं प्रोफ़ेसर नहीं, लेक्चरर हूँ | मुझे प्रोफ़ेसर राय कहकर नहीं, मिस्टर राय नाम से पुकारा जाय | मैं पीछे बैठे कुछ विद्यार्थियों को फुसफुसाते हुए देख रहा हूँ | मैं हिंदी कवि बच्चन हूँ, लेकिन यूनिवर्सिटी में नहीं | यूनिवर्सिटी में अंग्रेज़ी विभाग का लेक्चरर हरिवंश राय या केवल मिस्टर राय हूँ | क्लास में मेरी कविता का ज़िक्र न किया जाय | मैं जीवन में अनुशासन को बहुत महत्त्व देता हूँ | मैं चाहता हूँ कि आप लोग समय से क्लास में आयें | क्लास दस बजे शुरू होती है | आप दस से पहले अपनी-अपनी सीट पर बैठ जायें |

सेक्शन में एक लाइब्रेरी भी है | यह लाइब्रेरी आपके सहयोग और चंदे से बनी है | कोई भी किताब दस दिनों के लिए ही इश्यू की जायेगी | दस दिन बाद लौटाने पर आठ आने प्रति दिन के हिसाब से फ़ाइन लिया जायेगा | यदि आप दस दिनों में कोई किताब नहीं पढ़ सकते तो उसे आप जीवन में नहीं पढ़ सकते |

साभार : "संस्कृत संगम"

1- Edilgen çatı konusunun Hindi dilindeki yapısını öğrenmek ve örnek metin üzerinden analiz etmek.